हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

गुण्डरदेही। नगर पंचायत गुण्डरदेही के बघमरा में मंगलवार को नदी तट पर पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पार्षद हरीश निषाद, पार्षद शैल महोबिया, एल्डरमैन गोकुल निषाद, कलिंदा निषाद, डीलेश्वर निषाद व बड़ी संख्या में नगर वासी शामिल हुए।

नवरात्रि पर पूजा-अर्चना में शामिल हुए जसवंत



बालोद/सिकोसा। नवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न ग्रामों में पूजा–अर्चना एवं दीप प्रज्वलन में मंडलेश्वर सिन्हा समाज अजुंर्दा, समाजसेवी, गुण्डरदेही विधानसभा जसवंत सिन्हा शामिल हुए। नवरात्रि पर्व के द्वितीय दिवस ग्राम बिरेतरा, कचान्दुर, जुनवानी एवं सिकोसा में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के पावन अवसर पर सम्मिलित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान ग्राम कचान्दुर में आयोजित लहर गंगा कार्यक्रम में भी सहभागिता कर क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक एकता के प्रति अपनी सहभागिता निभाई।(नवरात्रि का यह पावन पर्व हमारी आस्था, शक्ति, संस्कार एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता को मजबूत करते हैं।

नेवारीकला बाजार चौक में आज हरिकीर्तन

बालोद। नवरात्रि के शुभ अवसर पर ग्राम नेवारीकला के बाजार चौक में 14 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसमे ग्राम भेडरी निवासी चन्द्रहास साहू अपनी मंडली के साथ प्रस्तुती देंगे।

धर्मपुरा में कवि सम्मेलन 17 अक्टूबर को

दुर्ग। शारदेय नवरात्रि के अवसर पर धर्मपुरा के ग्रामीणजनों के द्वारा साहू पारा में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर सेवा गीत गाकर हिन्दू धर्म की ध्वजा को सतत लहराने का यथोचित काम किया जा रहा है। इसी तारतम्य में समिति ने 17 अक्टूबर को रात 8 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया है। इस कवि सम्मेलन में भिलाई से वरिष्ठ कवि व व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव व छत्तीसगढ़ी भाखा के शीर्ष गीतकार बलराम चंद्राकर, दुर्ग से हास्य विधा के प्रणेता डॉ. संजय दानी व ग़ज़ल कार शाद बिलासपुरी ग्राम निकुम से छत्तीसगढ़ी गीतकार प्यारेलाल देशमुख व धमधा से वरिष्ठ हास्य कवि रामदेव शर्मा अपनी कविताओं से धर्मपुरा की धरती व वहां के निवासियों के दिलों में आनंद व खुशियों की लहरें प्रवाहित करने का प्रयास करेंगे।

आम सूचना (सार्वजनिक चेतावनी)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुजान सिंह आ. आत्माराम, जाति कंवर, निवासी ग्राम आर-बीरा, तह. डोंगरगढ़, जिला राजनादगांव (छ.ग.) के पक्ष में विक्रेता श्री गोपाल दास पिता मोहन दास हल्बा, साकिन अछोली, पो. अछोली, तह. मारी बंग्लादेवरी, जिला बालोद (छ.ग.) ने अपनी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि के विक्रय हेतु दिनांक 31-10-2025 को एक पक्का विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया है। उक्त इकरारनामे में विक्रेता की धर्मपत्नी श्रीमती ईश्वरी बाई की पूर्ण सहमति रही है, जिसके तहत उन्होंने सहमति कर्ता की हैसियत से अपने हस्ताक्षर लगाए हैं।

संपत्ति का विवरण: ग्राम अछोली, प.ह.नं. 16, तहसील मारी बग्लादेवरी, जिला बालोद (छ.ग.) में स्थित काश्तकारी भूमि खसरा नं. 186/3, 628/1, 628/3, 628/5, 669, जिनका रकबा क्रमशः 0.11, 0.10, 0.02, 0.04 एवं 1.15 हेक्टेयर (कुल खसरा 05, कुल रकबा 1.42 हेक्टेयर) भूमि हैं।

उक्त विक्रय इकरारनामे के तहत मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को बयाना स्वरूप प्रतिफल की बड़ी राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा उक्त संव्यवहार के आधार पर मेरे पक्षकार (अथवा उनके नामित व्यक्तियों) के पक्ष में विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन / प्रस्तावित है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण, किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय अथवा शासकीय / अर्धशासकीय संस्थान को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में विक्रेता के साथ किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, दान, बंधक, लीज अथवा किसी भी प्रकार का अन्य संव्यवहार न करें।

यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त संपत्ति या इकरारनामे के संबंध में कोई उजर, दावा या आपत्ति हो, तो वे इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर अपने मूल दस्तावेजों के साथ मेरे निम्नलिखित कार्यालीन पते पर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात प्रस्तुत की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। साथ ही, यदि कोई व्यक्ति / संस्था इस चेतावनी के बावजूद उक्त संपत्ति का संव्यवहार करता है, तो वह पूर्णतः शून्य माना जाएगा और इसके समस्त विधिक परिणामों एवं हर्जे खर्चे की जिम्मेदारी स्वयं उस व्यक्ति/संस्था की होगी। सो सूचना जाने।

दिनांकः 13.10.2026

विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ "दुर्गा निवास",
38/95 ब्राह्मण पारा रोड गाँधी चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)
पिन - 491441, मो- 9424126898

आयोजन : संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता और सामाजिक भ्रांतियां दूर करने पर जोर

हितेकसा में महिला समूह बना रहा सेनेटरी पैड स्कूलों में छात्राओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद सुनील चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन तथा पन्ना लाल धुरवे के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत हितेकसा में झरन दाई उत्पादक समूह द्वारा सेनेटरी पैड निर्माण कार्य संचालित किया जा रहा है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, माहवारी से संबंधित सामाजिक भ्रांतियों एवं संकोच को दूर करना तथा सेनेटरी पैड के उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

इसी तारतम्य में सेनेटरी पैड निर्माण इकाई के प्रचार–प्रसार एवं मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से संपर्क किया जा रहा है। इस क्रम में हाई स्कूल धानपुरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला हितेकसा के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं विद्यालयीन स्टाफ से संपर्क कर उत्पादक समूह द्वारा निर्मित सेनेटरी पैड के प्रचार–प्रसार तथा छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक आदतों के प्रति जागरूक करने के संबंध में चर्चा की गई।

अभियान के अंतर्गत छात्राओं को अवगत कराया जा रहा है कि माहवारी एक सामान्य प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, जिसके संबंध में जागरूकता एवं खुला संवाद आवश्यक है। माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना, स्वच्छ एवं उपयुक्त सेनेटरी पैड का उपयोग करना तथा उपयोग किए गए पैड का सुरक्षित एवं उचित निपटान करना स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। साथ ही, माहवारी से संबंधित सामाजिक भ्रांतियों, झिझक एवं संकोच को दूर कर किशोरियों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। किशोरियों के समुचित शारीरिक विकास एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के संबंध में भी जानकारी साझा की जा रही है।

इस पहल के माध्यम से झरन दाई उत्पादक समूह द्वारा निर्मित सेनेटरी पैड की उपयोगिता एवं उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्तर पर उत्पादक समूह की आजीविका को सुदृढ़ करने, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी व्यवहारों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार अभियान का संचालन विकासखंड गुरुर अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से एडीईओ एवं प्रभारी बीपीएम लक्ष्मी ठाकुर, बीपीएम पंकज कुटारे तथा एसी हुमेन्द्र ठाकुर के आपसी समन्वय एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह पहल महिला सशक्तिकरण, मासिक धर्म स्वच्छता, सामुदायिक स्वास्थ्य एवं स्थानीय आजीविका संवर्धन को एकीकृत करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में स्वस्थ, स्वच्छ एवं जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

डौंडीलोहारा में दुर्गोत्सव की धूम



सार्वजनिक दुर्गोत्सव समीति विवेकानंद चौक डौंडीलोहारा



नवदुर्गा उत्सव समीति सहगांव डौंडीलोहारा

वीरेंद्र ने सामुदायिक भवन, कलामंच निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



- जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद
- विकास कार्य की शुरुआत, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों को मिलेगी सुविधा

नवरात्रि पर्व पर विकासखंड गुण्डरदेही के ग्रामीण विकास को गति देने और सामाजिक–सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में ग्राम बम्हनी में सामुदायिक भवन सह कलामंच निर्माण का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही के पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू शामिल हुए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच चीरचार कचरा बाई ने की, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख उपस्थित रहे। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतू विश्वास गुप्ता भी उपस्थिति थे। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि गांवों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। भाजपा सरकार गांवों के विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन सह कलामंच गांव के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, इसके निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों िभाओं को अपनी कला एवं सांकृतिक प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त होगा। ग्राम बम्हनी में सामुदायिक भवन सह कला मंच का निर्माण ग्रामीणों की सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है इससे गांव में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस निर्माण से गांव में सामाजिक सहभागिता बढ़ेगी और स्थानीय सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सामुदायिक भवन सह कलामंच के भूमिपूजन को ग्राम बम्हनी में विकास कार्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस आयोजन में भूतपूर्व सैनिक चोवा राम देवांगन, तेजन लाल साहू, द्वारिका प्रसाद पटेल, सोहन पटेल, सोहन साहू, उपसरपंच चुकेशवर साहू, रोशन लाल अमृत एवं सभी ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पड़कीभाट में वृद्धजन सम्मान समारोह, 100 बुजुर्गों को श्रीफल और गमछा भेंट कर किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत पड़कीभाट में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य निर्मला बंजारी, सरपंच नुपेंद्र भोला यादव सहित पंचायत के पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह में गांव के लगभग 100 वृद्धजनों को श्रीफल और गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान, आदर और अपनत्व की भावना को बढ़ावा देना था। इस दौरान वृद्धजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके अनुभवों और समाज में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया।

इस अवसर पर डॉ. गायत्री, उपसरपंच विष्णु बख्शी, पंच सुदीप यादव, पुन्नी मंडले, रामचंद्र गौतम, मारकंडे, महेश बारले, सोमन यादव, सुनीता निषाद, अनीता ठाकुर, दयालु ठाकुर, रेणुका ठाकुर, शीला खरे, बिंदु साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वहीं पुनारद साहू, पुनीत निषाद, अंजोर बघेल, अशोक यादव, रामनारायण ग्राम पटेल, हेमंत यादव, ओम बाई, शिवकुमारी, सूरजैतिन यादव, हीरा बाई, सहित अन्य ग्रामीणों की सहभागिता रही।

कांदुल के प्रधानपाठक झग्गर देवांगन को मिला शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान

अर्जुंदा। संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह–2026 का आयोजन खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में किया गया। समारोह में छग के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कांदुल में पदस्थ प्रधानपाठक झग्गर देवांगन को सम्मानित किया गया।



देवांगन ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए विद्यार्थियों के विकास, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं सामाजिक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2006 में तत्कालीन जिलाधीश सुब्रत साहू द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने के साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के बालरंग कार्यक्रम में छग का प्रतिनिधित्व भी किया। इसके अलावा, रेडक्रॉस गतिविधियों में योगदान, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस के लिए प्रोत्साहित करने तथा अब तक 22 बार रक्तदान कर उन्होंने समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

देवांगन ने विकासखंड स्तर पर चयन में सहयोग के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी खेमराज साहू एवं संकुल समन्वयक खालिद मोहम्मद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता सिंह, समस्त शिक्षकगण, विद्यालय स्टाफ, सरपंच पदुमलाल साहू एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त की।

पेज 3 के शेष

बालोद पुलिस ने आम ....

कर नियमानुसार समाधान हेतु सहयोग लें। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ संदिग्ध वित्तीय लेनदेन न करें तथा कमीशन या लालच के बदले अपने खाते में दूसरों की रकम प्राप्त कर आगे ट्रांसफर करने से बचें।

13-14 को जिला स्तर ...

देखरेख, मूल्यांकन एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद उनकी सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान लंबे समय से लंबित है। डौंडी लोहारा जनपद में कार्यरत तकनीकी सहायकों के द्वारा भी अपनी जायज मांगों की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से जिले में शामिल होकर आंदोलन कर रहे हैं।

महेन्द्र संभाग ...

लक्ष्मीनारायण साहू, किशन साहू, राजकुमार साहू, देवेन्द्र हरमुख, प्रधान पाठक पूनम खोबरागड़े, लीलांजना पटेल, दिलीप कुमार साहू, सोनल सिंह, रामकुमारी देशमुख, धनेश साहू, छबिलाल साहू, शिक्षक पूर्णिमा देशमुख, पुष्पेन्द्र देशमुख, अर्चना रजक, ज्योति देवांगन एवं ओमप्रकाश निर्मल ने हर्ष व्यक्त किया।

भैयाराम ने सुर्रा ...

महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गांव की प्रगति केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सहभागिता से भी गांव मजबूत बनता है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष किशोर साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष राजश्री क्षत्रिय, बल्ला क्षत्रिय, डेहर राम साहू, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष गोवर्धन साहू, नाथूराम साहू तथा ग्राम सुर्रा के उपसरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बालोद में 110 सेवा सेतु ...

विभाग से जुड़ी राशन कार्ड संबंधी सेवाओं, ग्रामीण स्तर की अन्य सेवाओं तथा ई–चालान जैसी महत्वपूर्ण ऑनलाइन प्रक्रियाओं के संचालन व इनके लिए आवश्यक अनिवार्य दस्तावेजों की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में सेवा सेतु प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत एवं पात्र श्रमिकों के शत–प्रतिशत ई–केवाईसी कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। इसके लिए ग्राम स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन कर श्रमिकों को जागरूक करने और मौके पर ही सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी पात्र श्रमिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रशिक्षण में सभी सेवा सेतु प्रबंधकों से सेवा भाव और तत्परता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि ग्रामीण नागरिकों को छोटे–छोटे कार्यों के लिए जिला अथवा ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें, यही सेवा सेतु केंद्र का मुख्य उद्देश्य है।

कपिलेश्वर मंदिर में बच्चों की संस्कार और कला प्रतियोगिता आयोजित

आरती थाली, दीया और तोरण सजाने में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- सनातन संस्कृति और परंपराओं के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाना रहा मुख्य उद्देश्य

शारदीय नवरात्री महापर्व के द्वितीय दिवस पर बालोद नगर के कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को लगने वाले श्री सीता राम बाल संस्कार केंद्र में बच्चों के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

जिसमे आरती की थाली, दिया सजाओं, कलश नारियल सजाओं, शुभ–लाभ तोरण बनाना, मां दुर्गा देवी की आराधना में इन परम्पराओं का विशेष महत्व होता है। संस्कार केंद्र की संचालिका पूजा जैन ने बताया ऐसे प्रतियोगता के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपनी सनातन धर्म, संस्कृति, परम्परा के प्रति जागरूकता और रुचि का विकास अपने भीतर विकसित करना है, आज बच्चें लगातार केंद्र में आकर हनुमान चालीसा पाठ, राम स्तुति आरती, देशभक्ति गीत में भाग लेते हैं। बच्चों ने बड़े ही लगन और उत्साह से प्रतियोगता में भाग लिया, हनुमान चालीसा पाठ किया, राम स्तुति की। प्रतियोगिता का आयोजन बाल संस्कार केंद्र की संचालिका पूजा जैन और केंद्र सहयोगी बाल मंदिर की अध्यापिका रानी योगी के द्वारा किया गया। आरती की थाली दिया सजाओं में प्रथम तारुसी साहू, द्वितीय पीहू साहू, तृतीया विक्षा देवांगन रही। कलश नारियल सजाओं में प्रथम त्रियांश साहू, द्वितीय डाली साहू, तृतीय चेतांजलि साहू, शुभ–लाभ तोरण बनाओ में प्रथम योगेंद्र साहू, द्वितीय कुलदीप साहू, तृतीय शयांक साहू रहे। इस दौरान कपिलेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू, मदन सोनबरसा, मंदिर के पुजारी महाराज क्रांति दुबे, मातृशक्ति एतकुवर साहू, खेदी साहू द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।



तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

04 कालीबाड़ी में आस्था की अखंड ज्योति 57 मनोकामना कलशों से...



02 हितेकसा में महिला समूह बना रहा सेनेटरी...



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

साइबर फ्रॉड पीड़ितों की होल्ड राशि वापस दिलाने पुलिस और बैंक अधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एमआरएम एवं जीआरएम पोर्टल के संबंध में पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन में बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। साइबर फ्रॉड के पीड़ितों की होल्ड हुई राशि वापस दिलाने हेतु एमआरएम पोर्टल के माध्यम से कार्यवाही पर जोर दी गई।

अज्ञात स्रोत से बैंक खाते में राशि आने के कारण होल्ड हुए खातों के समाधान हेतु पुलिस एवं बैंक मिलकर त्वरित कार्यवाही करेंगे। एमआरएम एवं जीआरएम पोर्टल के संबंध में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में साइबर फ्रॉड से संबंधित मामलों में पीड़ितों को राहत दिलाने तथा बैंक खातों के होल्ड होने से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

साइबर फ्रॉड के मामलों में पीड़ितों की होल्ड हुई राशि वापस दिलाने के उद्देश्य से एमआरएम पोर्टल के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। पुलिस एवं बैंक अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर पीड़ितों को नियमानुसार राहत दिलाने तथा प्रकरणों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई। किसी अज्ञात स्रोत से बैंक खाते में राशि प्राप्त होने के कारण जिन खातों को होल्ड किया गया है, उनके निराकरण हेतु पुलिस एवं बैंक अधिकारियों द्वारा समन्वय के साथ त्वरित एवं उचित कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

अज्ञात स्रोत से राशि आने पर होल्ड खातों का त्वरित समाधान



बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से की अपील

संबंधित खाताधारकों की समस्या का नियमानुसार समाधान करने तथा आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेजों के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करने के संबंध में चर्चा की गई। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने बैंक खाते में किसी भी प्रकार का लेनदेन न करें। अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक या बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी अन्य व्यक्ति को इस्तेमाल करने के लिए न दें। थोड़े से लालच में बैंक खाते का दुरुपयोग साइबर अपराध में हो सकता है और आप कानूनी परेशानी में पड़ सकते हैं। यदि आपका बैंक खाता बिना जानकारी के होल्ड हो गया है, तो संबंधित बैंक शाखा में जाकर खाते के होल्ड होने का कारण एवं आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करें। यदि मामला साइबर फ्रॉड से संबंधित है, तो संबंधित पुलिस इकाई से संपर्क ▶▶|शेष पेज 02 पर

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

खबर संक्षेप

बालोद में 110 सेवा सेतु प्रबंधकों को मिला प्रशिक्षण

बालोद। आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं और नागरिक सेवाओं का त्वरित, पारदर्शी एवं सुगम लाभ ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के ऑडिटोरियम कक्ष में जिले के लगभग 110 ग्रामीण सेवा सेतु प्रबंधकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सेवा सेतु पोर्टल में हाल ही में जोड़ी गई नवीन ऑनलाइन सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रबंधकों को ग्रामीण विवाह प्रमाण पत्र, नाम परिवर्तन हेतु साधारण राजपत्र अधिसूचना, आर्थिक रूप से ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, आईटीआई स्थानांतरण प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, खाद्य ▶▶|शेष पेज 02 पर

तत्कालीन प्राचार्य की कार्यप्रणाली को लेकर छात्र-छात्राओं ने कई बार किया था प्रदर्शन और चक्काजाम

विद्यार्थियों के आंदोलन के बाद बदला एकलव्य महाविद्यालय के प्राचार्य का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में प्राचार्य के कार्यप्रणाली को लेकर लंबे समय से चल रहा असंतोष अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। तत्कालीन प्राचार्य रोशन आरा के व्यवहार और कार्यप्रणाली से नाराज छात्र-छात्राओं द्वारा कई बार विरोध प्रदर्शन, हड़ताल और चक्काजाम किए जाने के बाद अब महाविद्यालय के प्राचार्य का प्रभार बदले जाने से विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। छात्र-छात्राएं इसे अपने लगातार संघर्ष और आंदोलन की जीत के रूप में देख रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तत्कालीन प्राचार्य रोशन आरा के व्यवहार और कार्यप्रणाली को लेकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी समय से नाराजगी बनी हुई थी। विद्यार्थियों का कहना था कि उनकी समस्याओं और शिकायतों का उचित समाधान नहीं हो पा रहा था। इसको लेकर छात्र-छात्राओं ने एक-दो बार नहीं, बल्कि दो से तीन बार हड़ताल कर अपना विरोध दर्ज कराया। हर बार आश्वासन मिलने के बाद विद्यार्थियों ने आंदोलन समाप्त किया, लेकिन उनकी नाराजगी पूरी तरह दूर नहीं हो सकी। लगातार विरोध के बावजूद स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं आने से विद्यार्थियों का आक्रोश बढ़ता गया। आखिरकार मामला चक्काजाम तक पहुंच गया। विद्यार्थियों के इस कदम से महाविद्यालय की समस्याएं चर्चा में आईं और प्राचार्य की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे सवालों ने जोर पकड़ा। छात्र-छात्राओं का कहना था कि वे किसी व्यक्तिगत विरोध के लिए नहीं, बल्कि महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे।

अब शासन द्वारा जारी आदेश के तहत शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में सहायक प्राध्यापक मयंक मंडावी को आगामी आदेश तक प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। आदेश में उन्हें अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही वित्तीय नियमों के तहत आहरण-संवितरण अधिकारी के अधिकार भी प्रदान किए गए हैं। विद्यार्थियों को अब उम्मीद है कि महाविद्यालय में उनकी समस्याओं का बेहतर तरीके से निराकरण होगा और शैक्षणिक वातावरण अधिक सकारात्मक बनेगा।

मयंक मंडावी को मिली जिम्मेदारी



तकनीकी सहायकों ने फूंका आंदोलन का बिगुल

13-14 को जिला स्तर पर ध्यानाकर्षण और 15 को करेगें राज्यव्यापी सांकेतिक हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 'विकसित भारत जी राम जी' में कार्यरत तकनीकी सहायक कर्मचारियों ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ के आह्वान पर 13 और 14 अक्टूबर को जिला स्तरीय ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

- नियमित पद सृजन और समायोजन, पंचायत सचिवों जैसी सेवा शर्तों की मांग

इसके बाद 15 अक्टूबर को राज्य स्तर पर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। नियमित पद सृजन एवं समायोजन योजना के अंतर्गत कार्यरत समस्त तकनीकी सहायकों के लिए नियमित पदों का सृजन करते हुए उन्हें समायोजित किया जाए। नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक समस्त तकनीकी सहायकों की सेवा शर्तें पंचायत विभाग में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों की भांति करते हुए स्थायीकरण नियमावली तत्काल लागू की जाए। पदनाम में परिवर्तन तकनीकी सहायक पद के स्थान पर पदनाम परिवर्तित कर 'कनिष्ठ अभियंता' किया जाए। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि तकनीकी सहायक ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों की तकनीकी ▶▶|शेष पेज02 पर

भैयाराम ने सुर्रा में सामुदायिक भवन एवं शेड का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम सुर्रा में सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष किशोर साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष राजश्री क्षत्रिय सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

- ग्रामीण एकता और सामाजिक सद्भाव पर दिया जोर

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन और शेड निर्माण कार्य को ग्राम के सामाजिक जीवन के लिए उपयोगी बताया। इस प्रकार के सार्वजनिक भवन ग्रामीणों को सामाजिक, सांसकृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए एक साझा स्थान उपलब्ध कराते हैं। इससे गांव में विभिन्न आयोजनों को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में सुविधा मिलती है और आपसी मेलजोल को भी बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने ग्रामीण एकता, आपसी भाईचारे और सामूहिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि गांव की वास्तविक ताकत वहां के लोगों की एकजुटता, आपसी विश्वास और सहयोग की भावना में निहित होती है। जब ग्रामवासी आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर गांव के विकास और जनहित के कार्यों के लिए एक साथ खड़े होते हैं, तब विकास के नए रास्ते खुलते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से गांव की एकता और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने, एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनने तथा गांव के सार्वजनिक हित से जुड़े कार्यों में मिल-जुलकर योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन जैसे सार्वजनिक संसाधनों का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब उनका उपयोग पूरे गांव के हित में किया जाए और सभी लोग मिलकर उनकी देखरेख करें।

सिन्हा ने ग्रामीण जीवन में आपसी सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी को ▶▶|शेष पेज 02 पर

महेन्द्र संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

प्राथमिक शाला भरदाखुर्द के प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण उत्कृष्ट प्रधानपाठक 2026 से सम्मानित हुए।

- शिक्षा में नवाचार, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान

यह सम्मान समारोह खालसा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग के सभागार में आयोजित किया गया।



महेन्द्र कुमार साहू द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, कर्तव्यनिष्ठता के लिए छगढ शासन, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर के द्वारा उत्कृष्ट प्रधानपाठक का सम्मान प्राप्त हुआ।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी खेमराज साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अभिनव ठाकुर ने प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ग्राम पंचायत भरदाखुर्द के सरपंच रंजना पवार, पूर्व सरपंच राजकुमारी साहू, कमलकान्त सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रभान मेश्राम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, पूर्व जनपद सदस्य निर्मला साहू, संकुल प्राचार्य बिसेन कुमार मेश्राम, संकुल समन्वयक जितेन्द्र साहू, विकास कोसरे ▶▶|शेष पेज 02 पर

गौ सम्मान आह्वान अभियान



बालोद/कलंगपुर। गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतिम चरण का कार्यक्रम प्रांत स्तरीय 17 दिसंबर को रायपुर में होना है, जिसके लिए गौ सेवक कार्यकर्ता हस्ताक्षर अभियान में जुटे हुए हैं। इसी संदर्भ में नवरात्र पर्व में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम कलंगपुर में लोक गायक हिरेश सिन्हा ने इस अभियान का समर्थन किया।

ग्रामीणों का कहना, 20 वर्षों में गांव नहीं पहुंचा कोई भी सांसद

मुल्ले में दशकों से सड़क और पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वन क्षेत्र में बसे ग्राम पंचायत मालगांव का आश्रित ग्राम मुल्ले आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। दशकों से आश्रित ग्राम होने का दंश झेल रहे ग्रामीणों को अब तक सुगम पहुंच मार्ग तक नसीब नहीं हो पाया है। जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत घोटिया-डौंडी मुख्य मार्ग के रास्ते लगभग तीन किलोमीटर और ग्राम पंचायत मालगांव से भी करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में पहुंचने के लिए ग्रामीणों को उबड़-खाबड़, बोल्डर और गिट्टी से भरे जर्जर रास्ते से गुजरना पड़ता है।

- चुनावी वादों तक सिमटी सड़क की मांग, डामरीकरण का भरोसा हर बार रह गया अधूरा

ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद पंचायत, जिला पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि गांव पहुंचकर सड़क निर्माण और डामरीकरण कराने का भरोसा दिलाते हैं।



चुनाव जीतने के बाद वही वादे अधूरे रह जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, वर्षों से सड़क को पक्का बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। नतीजतन, गांव तक आवागमन आज भी परेशानी भरा बना हुआ है। ग्राम पंचायत की सरपंच चंदरबती सेवता, पंच आसीन बाई नेताम, कांतिबाई तारम, चतुरराम मंडावी, पूर्णिमा कोरोटी, कचरोबाई कोला, आकांक्षा, चंद्रहास पोर्ते, पिंगलाबाई सिग्रामे, मनोहरलाल, मौसमी यादव, दसरी यादव, राजू नेताम, छगनूराम यादव सहित अन्य ग्रामीणो ने बताया कि पिछले 20 वर्षों में किसी भी सांसद का गांव में आगमन नहीं हुआ है। वहीं विधायक द्वारा प्रत्येक चुनाव के दौरान डामरीकरण सड़क निर्माण का आश्वासन दिए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय उनकी समस्याएं सुनी जाती हैं, लेकिन चुनाव बीतने के बाद गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं होता।

सड़क के साथ पेयजल संकट भी गंभीर

गांव में सड़क के अलावा पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि सड़क और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए लगातार मांग किए जाने के बावजूद शासन-प्रशासन का अपेक्षित ध्यान नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मुल्ले गांव की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जर्जर मार्ग का डामरीकरण कराने तथा पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

खबर संक्षेप



गौरा-गौरी देव गुड़ी के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए राशि जारी

बालोद/सिकोसा। गुण्डरदेही विधानसभा के सिकोसा क्षेत्र से जनपद सदस्य आसिफ गहलोत ने मड़ियापार में आदिवासी समाज द्वारा की गई मांग को पूरा किया। जहां उन्होने गांव में विराजमान गौरा–गौरी देव गुड़ी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण के लिए राशि जारी की। जिससे समाज एवं ग्रामीण ने आभार व्यक्त किया। गहलोत ने कहा कि आने वाले समय में बहुत जल्दी ही गांव में विकास कार्य की स्वीकृति होना है। जिसमें साहू समाज और ग्राम विकास लिमोरा मड़ियापार के लिए विभिन्न कार्य के लिए राशि स्वीकृत होगी और गांव में विकास की गंगा बहेगी।
इस कार्यक्रम में गांव के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण थे, साथ में विधायक प्रतिनिधी कुलेश्वर तिवारी, रोशन पटेल उपस्थित थे।

जंजगिरी में 15 अक्टूबर को होगा कवि सम्मेलन

अंडा। नवयुवक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बाजार पारा जंजगिरी द्वारा शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार कवि सम्मेलन का आयोजन 15 अक्टूबर 2026 दिन गुरुवार रात्रि 9 बजे से ग्राम जंजगिरी (अंडा) किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय कविता मन की आवाज है, शब्दों से सजता है समाज रखा गया है। कवि सम्मेलन में दुर्ग संभाग के ख्याति प्राप्त कवि आमंत्रित हैं। इनमें डॉ. संजय दानी दुर्ग, कैलाश साहू कुंवारा बम्हनी, गजपति राम साहू कोड़ेवा सिकोसा, योगेश छत्तीसगढ़िया अर्जुनी, शिवा देशमुख भेड़ी, प्यारे लाल देशमुख निकुम, दिनेश्वर चंद्राकर विनायकपुर एवं चंद्रिका प्रसाद देशमुख जंजगिरी अपनी काव्य प्रस्तुति देंगे। आयोजक समिति डॉ चंद्रिका प्रसाद देशमुख ने क्षेत्र के समस्त साहित्य प्रेमियों व ग्रामवासियों से कार्यक्रम में पहुँचने की अपील की है।

जोगीमठ पावन धाम में 15 अक्टूबर को विराजेंगे पंचमुखी हनुमान

बालोद/कलंगपुर। जोगीमठ पावन धाम में पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति 15 अक्टूबर को स्थापना की जाएगी। शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम चारभांठा, कलंगपुर स्थित पावन धाम जय जोगीमठ बाबा मंदिर प्रांगण में जोगीमठ जनसेवा समिति एवं भक्तजनों के द्वारा 15 अक्टूबर दोपहर 3 बजे पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर रहेंगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चन्द्राकर, समाज सेवी एवं छाया विधायक गुण्डरदेही जसवंत सिन्हा, जनपद सदस्य वंदना हिरवानी, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, जनपद सदस्य रामेश्वर चन्द्राकर, अध्यक्ष सरपंच संघ गुण्डरदेही लेखराम साहू, सरपंच चारभांठा रोहित कुमार साहू उपस्थित होंगे।

आयोजन : 1959 में सार्वजनिक दुर्गा पूजा से शुरू हुआ धार्मिक सफर

कालीबाड़ी में आस्था की अखंड ज्योति 57 मनोकामना कलश की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर दल्लीराजहरा की ऐतिहासिक कालीबाड़ी मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। बंग समाज द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी 57 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। नौ दिनों तक अखंड रूप से प्रज्वलित रहने वाली इन ज्योतियों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर है।

- 1970 में काली पूजा की शुरुआत और 1982 में मां काली की प्रतिमा की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

ज्योति कलश प्रज्वलन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। कालीबाड़ी कमेटी के अध्यक्ष कनक बनर्जी, सचिव मदन माइती, गौतम बेरा, सजल राय, एससी सरकार, जयंतो चक्रवर्ती, पिंटू चक्रवर्ती, मिठू कारफा, रिता बैनर्जी, रानी माइती और भगवान दीन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने आयोजन में सहभागिता की।

संघर्ष, समर्पण और आस्था से गढ़ा कालीबाड़ी का इतिहास: दल्लीराजहरा की कालीबाड़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि बंग समाज की वर्षों की साधना, सामूहिक प्रयास और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। समाज के वरिष्ठ सदस्य गगन पंड्या के अनुसार, वर्ष 1959 में बंग समाज ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत की थी। लगभग एक दशक बाद दुर्गा पूजा के साथ मां काली की आराधना का विचार सामने आया और वर्ष 1970 में वर्तमान मंदिर स्थल पर पहाड़ी के बीच तिरपाल का घेरा बनाकर मिट्टी की प्रतिमा के साथ काली पूजा प्रारंभ की गई। इस ऐतिहासिक पहल में बी. घोष, रंजन घोष, एस. पी. भौमिक, डी. पी. बाजपेयी, पी. के. राय, एस. के. चौधरी, एन. आर. चक्रवर्ती, पी. के. शर्मा, एस. के. चटर्जी, आर. बी. गोगुलकर, ओ. पी. दत्ता, नारायण महकुल, एन. के. दासगुप्ता, बिजन विश्वास और संध्या आइच सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



धार्मिक आयोजनों से जीवंत है परंपरा

गगन पंड्या ने बताया कि वे वर्ष 1968 से दोनों कमेटियों से जुड़े हैं और समाज के लोग मिलकर लगातार धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। कालीबाड़ी परिसर में मां काली की आराधना के साथ मां शारदा मणि जयंती, स्वामी विवेकानंद जयंती, श्रीरामकृष्ण जयंती, चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि और कृष्ण जन्माष्टमी सहित विभिन्न धार्मिक पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाए जाते हैं। मंदिर परिसर में महादेव, हनुमान और शनिदेव के मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। दशकों पहले पहाड़ी पर तिरपाल के घेरे में शुरू हुई पूजा आज भव्य मंदिर और व्यापक सामाजिक सहभागिता का रूप ले चुकी है। 57 मनोकामना ज्योति कलशों की जगमगाती लौ इसी परंपरा, सामूहिक समर्पण और पीढ़ियों से चली आ रही आस्था की कहानी बयां कर रही है।

स्वामी आत्मानंद के सान्निध्य में रखी गई मंदिर निर्माण की नींव

मंदिर निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम 24 जून 1972 को उठाया गया, जब रायपुर के विवेकानंद आश्रम से महाराज आत्मानंद स्वामी दल्लीराजहरा पहुंचे और उनके कर-कमलों से कालीबाड़ी मंदिर की नींव रखी गई। निर्माण कार्य में अनूप चंद जैन, संपत लाल जैन, शांतिलाल जैन और मनोहर लाल जैन का विशेष सहयोग रहा। वर्ष 1978 तक मिट्टी की प्रतिमा के साथ पूजा-अर्चना होती रही। इसके बाद मंदिर निर्माण कार्य आगे बढ़ा और वर्ष 1982 में मंदिर के पूर्ण होने पर मां काली की काले पत्थर की प्रतिमा लाने की पहल की गई। इसके लिए ए. सी. मंडल और विश्वनाथ आइच राजस्थान गए। 28 अप्रैल 1982 को कोलकाता से आए विद्वान पंडितों ने वैदिक विधि-विधान से प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की। इस कार्य में दयानंद पंड्या, एन. के. मंडल, सुनील चटर्जी, राज चक्रवर्ती और विश्वनाथ आइच का उल्लेखनीय योगदान रहा।

खर्रा में नवरात्रि पर जसगीत का आयोजन

गुरूर। ग्राम खर्रा में नवरात्रि के अवसर पर जसगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुरूर तारादेवी यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि ताम्रध्वज यादव, संजय साहू, गोविन्द साहू, सरपंच बनवली साहू एवं पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।



उमरपोटी में दुर्गा उत्सव के दौरान रिकॉर्डिंग डांस का आयोजन, जिपं सभापति हुईं शामिल

जामगांव आर। समीपस्थ ग्राम पंचायत गातापार के आश्रित ग्राम उमरपोटी में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रात्रिकालीन रिकॉर्डिंग डांस का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू मायके उमरपोटी अपने पति सभापति प्रतिनिधि नारद साहू के साथ पहुंचे। सांसद प्रतिनिधि पम्मी साहू, गयाराम साहू, बूथ अध्यक्ष रविन्द्र साहू, चोवाराम नेताम भी मंचासिन रहे। जिला पंचायत कल्पना नारद साहू ने कहा कि मेरी मायके उमरपोटी में नवरात्रि के पावन पर्व में शामिल होना बड़े सौभाग्य की बात है। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि अपने जिला पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य कराने का हर संभव प्रयास जारी है मायके उमरपोटी में ही वीबी जी रामजी के तहत अब तक के 23 लाख का निर्माण कार्यों का स्वीकृति दी चुकी है। इस प्रकार मेरी मातृभूमि में विकास की गंगा की बहने लगी है। एक अतिरिक्त कमरा निर्माण प्राथमिक शाला उमरपोटी 7.09, एक बालिका शौचालय निर्माण 4.50, स्थानीय साहू भवन के पास शौचालय निर्माण 4.50, एक ग्रे वाटर निर्माण 7 लाख की स्वीकृति कराई जा चुकी है।



पूर्व विधायक भैयाराम ने कन्हारपुरी में किया सीसी रोड का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए।

ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में सीसी रोड़ भूमिपूजन एवं ग्राम भानपुरी में दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने समस्त ग्रामवासी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देते हुए जगत जननी मां जगदम्बा से क्षेत्रवासी के खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मनोज बबलू साहू, सरपंच तेजराम साहू, भानपुरी सेक्टर अध्यक्ष डेहर राम, बूथ अध्यक्ष कन्हारपुरी उत्तमसाहू, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश देवान, सरपंच भीम साहू, युवा नेता हिमांशु लावत्रे सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

डाक सप्ताह पर विद्यार्थियों ने जाना डाकघर का कामकाज, आधुनिक डाक सेवाओं से हुए रूबरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

डाक सेवाओं की कार्यप्रणाली और उनके महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से डाक सप्ताह के अंतर्गत दल्लीराजहरा उप डाकघर में निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने डाकघर की कार्यप्रणाली को करीब से समझा और विभिन्न डाक सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पत्र एवं पार्सल वितरण, डाक टिकटों के महत्व, स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक तथा बचत योजनाओं सहित डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं के बारे में बताया गया। साथ ही डिजिटल युग में आधुनिक तकनीक के माध्यम से डाक विभाग में हो रहे बदलावों और सेवाओं के विस्तार से भी अवगत कराया गया।

दल्लीराजहरा उपडाकघर के सब पोस्टमास्टर जयप्रकाश जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी देना और डाक सेवाओं के सामाजिक एवं आर्थिक महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में डाकघर के कर्मचारी दीपक पटेल एवं भगवान सिंह का विशेष सहयोग रहा। वहीं निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षक विजय बोरकर के नेतृत्व में शिक्षकगण एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस शैक्षणिक पहल से विद्यार्थियों को डाक विभाग की उपयोगिता समझने और नई जानकारियां सीखने का अवसर मिला।

रजोली में पहली बार रामलीला के मुख्य पात्र निभाएंगी बेटियां, करेंगी मंचन

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम रजोली में बेटियो की प्रतिभा को निखारने के उदेश्य से पहली बार ग्राम की बेटियो को दशहरा उत्सव के दौरान आयोजित होने वाले रामलीला मंचन पर ग्राम की बेटियो को मुख्य पात्र में अपने अभिनय का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया गया है। जिसके तहत ग्राम रजोली में दशहरा उत्सव पर इस वर्ष ग्राम की बेटियां मुख्य पात्रों का किरदार निभाते दिखेंगी।

- बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत रजोली में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व पश्चात गांव में दशहरा उत्सव व रावण वध का आयोजन 21 अक्टूबर को रखा गया और अब तक यहां दशहरा उत्सव पर युवा व पुरुषों ने राम लीला की पात्रों की किरदार निभाते आ रहा है लेकिन इस बार गांव के बेटियां भी दशहरा उत्सव पर अपनी सहभागिता और हुनर को मंच पर प्रस्तुत करने के लिए अग्रसर हो रही है। जहां इस बार दशहरा उत्सव के मुख्य पात्रों भगवान श्री राम, भाई भरत, लक्ष्मण, रावण पुत्र मेघनाथ सहित बहुत से पात्र की भूमिकाओ का किरदयां निभायेंगी।

यहां के दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सेवा निवृत शिक्षक लालसिंह धनकर ने बताया कि गांव के बेटियों को प्रत्येक क्षेत्र में अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

विवेकानंद स्कूल में एक दिनी योग एवं ध्यान कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शासकीय औषधालय डोंडी के तत्वावधान में विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी में एक दिवसीय योग एवं ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान योग और ध्यान के महत्व, उनके लाभ तथा दैनिक जीवन में उनकी उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

- योग और ध्यान से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता एवं सकारात्मक जीवनशैली को मिलता है बढ़ावा

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए योग एवं ध्यान को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में प्रशिक्षक चित्ररेखा साहू ने विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने, मानसिक तनाव कम करने तथा मन को शांत रखने में सहायक होता है। वहीं, ध्यान के नियमित अभ्यास से एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल सकता है। विद्यार्थियों के लिए योग और ध्यान विशेष रूप से उपयोगी हैं, क्योंकि इससे पढ़ाई के दौरान मन को केंद्रित रखने और दैनिक जीवन में अनुशासन विकसित करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शासकीय औषधालय डोंडी की प्रभारी मैडम भी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।



विद्यालय परिवार एवं समिति के सदस्यों की रही सहभागिता: कार्यक्रम में पालक समिति की अध्यक्ष अनिता मिश्रा, संचालन समिति के अध्यक्ष श्रवण राठौर तथा समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही। विद्यालय के संस्था प्रमुख एस. आर. यादव सहित नेमीचंद बढ़ाई, एच.के. लेनपांडे, ममता ठाकुर, निधि, शालिनी, कविता कौडो, कविता प्रधान, रानू, तोमीन कोठारी, शशि, दीक्षारानी, प्रतीक्षा, खिलेश्वरी एवं ममता राजपूत सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और अनुशासित जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। आयोजन ने विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान के प्रति प्रेरित करने और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वस्थ विद्यार्थी, स्वस्थ समाज की दिशा में पहल: इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करती हैं। योग और ध्यान को नियमित जीवन का हिस्सा बनाकर विद्यार्थी बेहतर एकाग्रता, सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

घरेलू हिंसा व बाल विवाह रोकने पर जोर

जेंडर फोरम के गठन और महिला अधिकारों पर हुई समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जेंडर फोरम के गठन एवं जेंडर समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में चैतन्य संस्था के जिला समन्वयक एवं ब्लॉक स्तर के संबंधित प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में जेंडर भेदभाव, महिलाओं एवं पुरुषों के बीच असमानता, घरेलू हिंसा की रोकथाम, बाल विवाह उन्मूलन तथा महिलाओं के अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही जेंडर रिसोर्स सेंटर में प्राप्त मामलों के पंजीयन एवं काउंसलिंग प्रक्रिया की जानकारी साझा की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर जेंडर फोरम की बैठक आयोजित करने, बाल विवाह की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा स्कूलों में जेंडर समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में महिलाओं एवं किशोरियों को उनके अधिकारों और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने, महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण सामाजिक परंपराओं में बदलाव लाने तथा जरूरतमंद महिलाओं को संबंधित विभागों के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही जेंडर समानता के संदेश को समुदाय तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से जेंडर सभा आयोजित करने पर जोर दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों के आपसी सहयोग से ग्राम स्तर पर जेंडर फोरम को सक्रिय करना, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना तथा जेंडर संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाना रहा। बैठक में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता साहू एवं सभापति जनपद पंचायत गुरुर लता साहू, सीईओ जनपद पंचायत गुरूर पन्ना लाल धुरव, एसीईओ नरेंद्र कुमार बागड़े, एडीईओ जनपद पंचायत गुरूर भूपेश लाल, एसी गुरुर बिहान ख्याति जैन, बीईओ चिकित्सा विभाग गुरूर केआर. उर्वशा, एबीईओ विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुरूर चन्दन ठाकुर, थाना प्रभारी गुरूर कुबेर मड़रिया, महिला एवं बाल विकास विभाग, गुरुर बबीता साहू, एनके. साहू, चैतन्य संस्था डीसी बालोद शेषपाल साहू, चैतन्य संस्था गुरुर टीए प्रीतिबला साहू, बिहान समूह के जीएमटी सदस्य उपस्थित थे।



वाहन खड़े करने को लेकर विवाद, मारपीट

भिलाई। घर के सामने वाहन खड़े करने को लेकर महिला व उसके भाई के साथ हाथ मुक्कों से हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहा सिंह ने शिकायत की है कि वह अपने परिवार के साथ सुपेला में रहती है। उसका पड़ोसी सरजीत सिंह द्वारा उसके घर के गेट के सामने स्कूटी एवं बुलेट वाहन खड़ा किया गया था। वाहन को हटने के लिए बोलने पर सरजीत विवाद करने लगा। आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

